हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 मई 2026

10 स्पार्किंग से 132 केवी पावर हाउस में लगी आग...



11 खुले बाजार में बिकी सरसों सरकारी केंद्रों पर पसरा...





खबर संक्षेप



कनीना। लिंगानुपात बढ़ाने व टीबी जागरूकता बढ़ाने के लिए मंथन करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो: हरिभूमि

## लिंगानुपात बढ़ाने व टीबी उन्मूलन के लिए बैठक

**कनीना।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को उप स्वास्थ्य केंद्र कलवाड़ा में बैठक आयोजित कर लिंगानुपात बढ़ाने व टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गहनता से मंथन किया गया। जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों, आशा वर्कर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। डॉ. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में ग्रामीणों को टीबी के प्रति जागरूक करना व संभावित मरीजों की पहचान करना तथा लिंगानुपात बढ़ाने पर फोकस रहा। बैठक में एएनएम प्रिया, शीला, सरस्वती, सुनिता, सीमा, सुमन, संतोष, विनोद, बसंती, बिमला, सरोज, सुशीला, ज्योति, विनोद, रीना, शारदा आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। गोशाला में सवामणी लगाते हुए।

## पिता की पुण्यतिथि पर लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में सोमवार को दो सवामणी आयोजित की गई। पहली सवामणी श्री गोशाला धोलपोश के पूर्व प्रधान स्व. लालचंद शर्मा की पुण्यतिथि पर तथा दूसरी स्व. सुमेर सिह यादव की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र रविन्द्र यादव ने अपने परिवार जनों के साथ परिवार की सुख शांति समृद्धि के लिए सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गोशाला धोलपोश प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा की गौ सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। वह अपने जीवन में कभी संकटों का सामना नहीं करता है। इस अवसर सुरेश कौशिक, रामोतार शर्मा, सूरजभान, बसन्ती आदि उपस्थित रहें।

### दमकल विभाग की गाड़ी ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

# स्पार्किंग से 132 केवी पावर हाउस में लगी आग, 80 गांवों की बिजली रही बाधित

अटेली स्थित 132 केवी पावर हाउस से गनियार, कांटी, भीलवाड़ा, महासर तथा दुबलाना के 33 केवी पावर हाउस जुड़े हुए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली कस्बे के 132 केवी पावर हाउस प्लांट में सोमवार दोपहर अचानक स्पार्किंग के कारण भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र के करीब 80 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस घटना में बिजली निगम को लगभग 15 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार अटेली स्थित 132 केवी पावर हाउस से गनियार, कांटी, भीलवाड़ा, महासर तथा दुबलाना के 33 केवी पावर हाउस जुड़े हुए हैं। इन पावर हाउसों के माध्यम से आसपास के करीब 80 गांवों में बिजली सप्लाई की जाती है। अचानक आग लगने से पूरे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों को पेयजल, कूलिंग उपकरणों तथा अन्य दैनिक कार्यों में दिक्कतें झेलनी पड़ीं। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोका। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो नुकसान और भी अधिक हो सकता था। आग की चपेट में आने से पावर हाउस के कई महत्वपूर्ण उपकरण और केबल जलकर क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बहाल करने में समय लगा। बिजली निगम के अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए जहां-जहां तारों के माध्यम से सप्लाई हो रही थी उसे कुछ घंटों के भीतर बहाल कर दिया। हालांकि केबल से जुड़ी लाइनों के जल जाने के कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति देर तक बाधित रही। फिलहाल मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है और प्रभावित गांवों में जल्द ही बिजली सप्लाई सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



मंडी अटेली। अटेली पावर हाउस प्लांट में लगी आग। फोटो: हरिभूमि

**यह बोले अधिकारी**

*एसडीओ दीपक कुमार ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण बिजली का लोड बढ़ गया था, जिसके चलते स्पार्किंग हुई और आग लग गई। उन्होंने कहा कि विभाग की टीम लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हुई है और जल्द ही सभी गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।*



नारनौल। लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजलि।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रशासन व सरकार गंभीरः डीसी

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर जिला प्रशासन तथा सरकार पूरी तरह गंभीर है। मुख्यमंत्री समय समय पर इसकी समीक्षा बैठक ले रहे हैं। ऐसे में अधिकारी इस विषय पर और अधिक गंभीरता के साथ कार्य करें। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय में पीसी एंड पीएनडीटी की डिस्ट्रिक्ट लेवल स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में बोल रही थी। उपायुक्त ने चिकित्सा अधिकारियों व जमीनी स्तर पर तैनात स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप इस अभियान की सफलता को स्थाई बनाए रखने के लिए पीसी पीएनडीटी अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन जारी रखा जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सबसे खराब लिंग अनुपात वाले 25 गांवों में पुरजोर तरीके से जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस मौके पर सीएमओ डॉ. अशोक कुमार ने इस संबंध में अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में पुलिस अधीक्षक, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। शिविर में मौजूद महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

## सिगड़ा में लिंगानुपात सुधारने के लिए जागरूकता शिविर लगाया

**महेंद्रगढ़।** गांव सिगड़ा के उप स्वास्थ्य केंद्र में लिंगानुपात बढ़ाने एवं बेटियों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शनिवार को एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला स्वास्थ्य कर्मी सुशीला एवं हेमलता ने संयुक्त रूप से की और संचालन स्वास्थ्य कर्मी ऋषिराज आर्य ने किया। शिविर में गांव के लोगों ने भाग लिया और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। सीएचसी सेहलंग के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभा यादव ने कहा कि समाज में बेटियों को समान अधिकार और सम्मान देना बहुत आवश्यक है। लिंगानुपात सुधारना केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। शिविर में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुशीला, हेमलता ने भी लोगों को स्वास्थ्य एवं जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा महिलाओं को गर्भावस्था देखभाल एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकने के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा आशा वर्कर कमलेश, सविता, शकुंतला और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मुन्नी, बबीता भी शिविर में उपस्थित रहीं तथा उन्होंने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित जानकारी साझा की। शिविर के दौरान ग्रामीण भी मौजूद रहे। सभी ने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्यकर्मी ऋषिराज आर्य ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई।



नारनौल। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## डालनवास स्कूल में विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डालनवास में 10वीं व 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य रमन कुमार शास्त्री ने बताया कि स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें 12वीं के पांच बच्चों ने मेरिट में स्थान पाया है। पूजा ने 96 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, साक्षी ने 95 प्रतिशत अंक से द्वितीय व अंशु ने 93 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 10वीं में भी लगातार तीसरे साल शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आया है। इस अवसर पर गांव मुखिया प्रतिनिधि ओमवीर, एसएमसी प्रधान, सदस्यगण, अभिभावक व ग्रामवासियों ने बच्चों को फूल मालाओं व स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया। प्राचार्य रमन कुमार शास्त्री ने बताया कि विद्यालय गत तीन साल से परीक्षा परिणाम से साथ हर क्षेत्र में बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है। अंग्रेजी प्रवक्ता अनिल कुमार, पिंकी रानी प्रवक्ता इतिहास ने 90 प्रतिशत अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को 1100-1100 रुपये व एसएमसी सदस्य उमेद सिंह ने 500-500 रुपये देकर बच्चों की हौंसला अफजाई की।

## अभिनंदन समारोह में पहुंचे नीतीश कुमार ने बताए सफलता के सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में नीतीश कुमार के यूपीएससी परीक्षा में 847वां रैंक प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार, ग्राम वासियों व एसएमसी की तरफ से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य लोकेश कुमार ने की। नीतीश कुमार को स्मृति चिह्न देकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रवक्ता होशियार सिंह ने कहा कि नीतीश उनका शिष्य रहा है, यह शुरू से ही होनहार व मेहनती था। नीतीश शारीरिक रूप से सक्षम न होते हुए भी एक बड़ा मुकाम हासिल किया है।

प्रवक्ता सुमेर सिंह ने नीतीश कुमार की उपलब्धि, साहस, संघर्ष की कहानी सभी से सांझा की। गांव की तरफ से छाजूराम रावत ने कहा कि यह उपलब्धि केवल नीतीश की नहीं बल्कि अपने क्षेत्र की है। इनकी सफलता के पीछे इनकी माता केला देवी व पिता श्रद्धानंद के त्याग, तपस्या व समर्पण भाव रहा है। मुख्य अतिथि नीतीश कुमार ने अपनी सफलता के पांच सूत्र गुरु का सम्मान, कड़ी मेहनत, अनुशासन, सकारात्मक सोच व विकल्प रहित संकल्प के विषय में विस्तार से बताकर सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कक्षा 12वीं व 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थिरूों को स्मृति चिह्न व उपहार देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। छात्रा मनीषा ने अच्छे अंक प्राप्त करने की अपनी रणनीति से सभी छात्रों को लाभान्वित किया। मंच संचालन मुकेश कुमार शास्त्री ने किया।

प्राचार्य लोकेश कुमार में कहा कि नीतीश कुमार को विद्यालय में आमंत्रित करने का मुख्य उद्देश्य दूसरे विद्यार्थियों को प्रेरित करना था। इस मौके पर श्रीचंद महाशय, झाबर साहब, गुलजारी थानेदार, छित्रमल नंबरदार, महिपाल, कर्मवीर, रोहित, विकास, तेजाराम, मनोज, सुमेर, लाखन आदि मौजूद थे।





नारनौल। विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य अतिथि नीतीश कुमार। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। माता की चौकी में यजमान को चिहन भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## टाइगर क्लब की ओर से लगाई गई माता की चौकी

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में रविवार रात को माता की चौकी का आयोजन अमित वधवा के निवास स्थान मोहल्ला कैलाश नगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान राकेश यादव ने की। मुख्य यजमान अमित वधवा रहे। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र बंसी, टीटू सोनी ने बताया कि सर्वप्रथम पंडित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन किया। गणेश वंदना म्यूजिशियन धारू ने की व माता का आह्वान गायकर नवीन वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर परमानंद वर्मा ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, विकास जांगिड़ ने किस से करूं मैं मां की तुलना मां से बड़ा ना कोई, नरेंद्र बंसी ने सज धज के बैठी मां मंद मंद मुस्काये आदि भजन प्रस्तुत किए। हरीश आर्ट ग्रुप ने झांकियों की प्रस्तुति दी। तारा रानी की कथा का वाचन गायकार मोहन सागर ने किया। नारायण शास्त्री ने भक्तों की भेंट चढ़ा माता रानी से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने की अरदास लगाई। मंच संचालन हेमंत जैन ने किया। इस मौके पर नगर परिषद वाइस चेयरमैन संजय यादव, नवीन वशिष्ठ, जयप्रकाश अग्रवाल, श्रीचंद सैनी, सुनील शर्मा, विश्वास राव एडवोकेट, उपप्रधान सुरेंद्र यादव, उपप्रधान राजेश सैनी, उप प्रधान राजेश सैनी, ललित सैनी, सुनील शर्मा, नीरज चौधरी, राहुल सोनी, प्रवीन यादव, मोहन सागर, अनिल लख्खा आदि उपस्थित थे।



## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

**मंडी अटेली।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अटेली क्षेत्र के गांव गनियार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान गांव की गलियों में नारे लगाकर लोगों को बेटियों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्रभात फेरी में एएनएम सोना देवी, एमपीएचडब्ल्यू हरीश कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केला देवी, राजबाला देवी, प्रतिभा देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता यादव सहित आशा बहनों प्रियंका, पुष्पा देवी, नीलम और बिरमती देवी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। गांव की अनेक महिलाओं, बच्चों और समाजसेवी तेजप्रकाश भी इस अभियान से जुड़े। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना उनके शिक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देना तथा बेटी है, घर की शान। इस पर है, देश को अभिमान' जैसे संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय के कोर्ट रूम में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम योगेश सैनी ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश भी दिए। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका शीघ्र निवारण करना है। उन्होंने कहा कि हर शिकायत को पूरी गंभीरता से सुना जाता है और समाधान के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी तय कर निर्देश दिए जाते हैं। यह पहल नागरिकों के शासन व प्रशासन में विश्वास को मजबूत करती है। एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राप्त शिकायतों की निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक निपटान सुनिश्चित करें और सिविल शिकायतकर्ता को समाधान की पूरी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का एक मजबूत माध्यम है। सोमवार को आयोजित शिविर में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के नागरिक पहुंचे, जिन्होंने पानी, बिजली, पेंशन, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सडक़ व सफाई व्यवस्था, जलभराव, अवैध अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें रखीं। इस मौके पर सहायक रोजगार अधिकारी जितेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

## कांटी में मेधावी विद्यार्थियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

ग्राम पंचायत कांटी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांटी के स्टाफ ने सोमवार को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भव्य अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य दिनेश यादव ने की, जबकि मंच संचालन विज्ञान अध्यापक बिशन शर्मा ने किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि देवी सिंह ने कहा कि शिक्षा ही गांव के विकास की असली नींव है और इसके लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने विद्यालय प्रांगण में टीनशेड लगवाने का भी आश्वासन दिया। सेवानिवृत्त प्रवक्ता सुंदरलाल सुबोध ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में बदलाव संभव है और इस दिशा में ग्राम पंचायत का सहयोग सराहनीय है। प्राचार्य दिनेश कुमार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर विद्यालय को और उन्नति की दिशा में ले जाने के संकल्प को दोहराया। पंडित भगवत शर्मा ने शिक्षा के साथ-साथ क्रीड़ा को भी महत्व देने पर बल दिया।



मंडी अटेली। कांटी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

**यह रहा रिजल्ट**

*वरिष्ठ प्रवक्ता हंसराज ने बताया कि कक्षा 12वीं में 65 विद्यार्थियों में से 41 ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। अंकित पुत्र राजकुमार ने 500 में से 449 अंक लेकर प्रथम, आदित्य वर्मा पुत्र मोहनपाल ने द्वितीय तथा लक्ष्मी पुत्री महेंद्र सिंह ने वाणिज्य संकाय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुरेंद्र पाल पुत्र सुरेंद्र पाल ने भी 440 अंक लाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं में 27 छात्रों ने मेरिट में नाम दर्ज करवाया। अमन पुत्र बबलू 466 अंकों के साथ प्रथम, मुस्कान पुत्री विक्रम और हेमंत पुत्र निरंजन 446 अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय तथा दीपिका पुत्री नितेश कुमार 444 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। छात्रों ने डीजे और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में बैठकर गांव कांटी व बास में जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर प्रवक्ता रवींद्र कुमार, रोहतास शास्त्री, सुरेंद्र कुमार, धर्मपाल, पवन कुमार, सुमन, संतोष देवी, रेखा देवी, युद्धवीर, सुनीता रानी, बिंदु, महेश व ज्योति सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।*

### साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में हुई वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक

## बावड़ीपुर से बड़ का कुआं तक की नाली गंदगी से भरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक संगठन कार्यालय किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसकी शुरुआत परंपरानुसार उन सदस्यों के सम्मान से हुई, जिनका जन्मदिन मई माह में था। उपस्थित सदस्यों में भगवान दास सैनी पूर्व प्रधान, सैनी सभा, प्रताप सिंह राजपूत, बृजमोहन एडवोकेट, श्याम सुंदर शर्मा, विजय सिंह रहीश, ओपी यादव को सम्मान पट पहनाकर सम्मानित किया गया।

बैठक में संगठन की ओर से एडवोकेट अनिल कुमार गुप्ता को संगठन का ऑडिट, बैलेंस शीट आदि का कार्य प्रतिवर्ष निःशुल्क करने तथा निरंतर सहयोग देने के लिए मोमेंटो व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन को 2100 रुपये की सहयोग राशि भी प्रदान की। बैठक में विभिन्न जनसमस्याओं पर भी चर्चा की गई। उमादत्त शर्मा ने बताया कि छोटा बड़ा तालाब के पास गंदे नाले के निकट पार्क विकसित करने के उद्देश से काफी समय पहले चारदीवारी तो बना दी गई थी, लेकिन आज तक वहां न तो घास लगाई गई और न ही गंदगी हटाकर उसे पार्क का स्वरूप दिया गया। उन्होंने नगर परिषद से मांग की कि उक्त स्थान को शीघ्र पार्क के रूप में विकसित किया जाए। कृष्ण अवतार जांगिड़ ने बताया कि बावड़ीपुर से बड़ का कुआं तक की नाली गंदगी से भरी हुई है। उन्होंने नगर परिषद से बरसात से पहले इसकी तत्काल सफाई करवाने की मांग की। महता चौक से श्री गौड़ ब्राह्मण सभा तक की सड़क जर्जर अवस्था में है। इसके अलावा सीआईए रोड पर नाले की सफाई के बाद निकाली गई, गंदगी वहीं छोड़ दी गई है, जिसे तुरंत उठाने की मांग की गई। सुभाष पार्क के साथ स्थित अग्रसेन पार्क के गेट के पास कई दिनों से एक मरा हुआ कुत्ता पड़ा होने से क्षेत्र में दुर्गंध फैली हुई है। बैठक का संचालन संगठन के महासचिव मुखराम सैनी ने किया।



नारनौल। बैठक के दौरान सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**यह रहे मौजूद**

*बैठक में विजय सिंह यादव, अनिल गुप्ता एडवोकेट, शिवहरी अग्रवाल, सोहनलाल चौहान, सुरेश जांगिड़, सुरेश भारद्वाज, राजकुमार चौधरी एडवोकेट, बद्रीप्रसाद गर्ग, उमादत्त शर्मा, रविन्द्र चौधरी, शिवलाल वर्मा, ओमप्रकाश यादव, हरिसिंह यादव, हरिद्वारीलाल वर्मा, सुभाष यादव, सोमप्रकाश अग्रवाल, श्यामसुंदर शर्मा, महेन्द्र सिंह जोहल, ब्रह्मप्रकाश रोहिल्ला, धर्मचंद छाबड़ा, मास्टर भागीरथ, बालकिशन सैनी, बीएल सैनी, बिशन सिंह यादव, रामबिलास यादव, राजकुमार गुप्ता, नरेंद्र कुमार धौलिया, गणेश हरित, कृष्ण अवतार जांगिड़, प्रताप सिंह राजपूत, सुभाष सिंगल, बृजमोहन एडवोकेट, मदनलाल गोगिया, जगदीश प्रसाद आदि उपस्थित रहे।*

# आरएफ टैगिंग कार्य पूरा होने के बाद कनीना में डोर टू डोर कचरा उठान शुरू, नपा चेयरपर्सन ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

**आरएच को आपरेटिव सोसायटी की ओर से 5 वर्ष तक प्रत्येक घर से संग्रहीत किया जाएगा कचरा**

दलीप सिंह ▶▶ कनीना

नगर पालिका प्रशासन की ओर से शहर में सुंदरता व स्वच्छता की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व प्रभावी बनाने की दिशा में सोमवार से डोर टू डोर कचरा उठाने की योजना प्रारंभ की है। जिसका शुभारंभ नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने पुरानी नगर पालिका कार्यालय से नारियल फोड़कर किया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक घर व दुकान के गेट पर बार कोड लगाने का कार्य पूरा होने के बाद इस कार्य को विधिवत रूप से शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि आरएफ टैगिंग, रेडियो फ्रीक्वेंसी टैग तकनीक के माध्यम से प्रत्येक घर, दुकान और संस्थान को एक यूनिक पहचान संख्या प्रदान की गई है। इस पहचान के जरिए यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कचरा संग्रहण नियमित रूप से हो रहा है या नहीं। साथ ही यह प्रणाली कचरा उठाने वाले वाहनों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी निगरानी रखने में मदद करेगी। इससे न केवल सफाई व्यवस्था में सुधार आएगा, बल्कि लापरवाही की शिकायतों पर भी नियंत्रण रहेगा। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है, साथ ही नागरिकों को बेहतर व पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना भी है। आरएफ टैगिंग के जरिए डाटा एकत्रित कर सफाई कार्यों की योजना को और अधिक व्यवस्थित किया जा सकेगा।



कनीना। डोर टू डोर कचरा उठान योजना का शुभारंभ करती नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### यह रहे उपस्थित

इस मौके पर नपा सचिव कपिल कुमार, एमई दिनेश कुमार, जेई राकेश कुमार, लेखाकर मनोज कुमार, रविंद्र सिंह के अलावा नपा वाइस चेयरमैन सूबेसिंह, नगर पार्षद राजकुमार यादव, नितेश गुप्ता, होशियार सिंह, उषा देवी, सुमन देवी, नीलम देवी, सवाई सिंह, टिंकू ठेकेदार, धर्मपाल, मनोज कुमार, मनीष, नरेंद्र फोजी आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत होगा कार्य: डॉ. रिम्पी

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि इस कार्य को टेंडर आरएच को ऑपरेटिव सोसायटी सिलानी झज्जर के नाम से बीते समय छोड़ा गया था। दो करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्ष तक डोर टू डोर कचरा उठाकर डंपिंग यार्ड तक पहुंचाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत इस कार्य को नियमित रूप से किया जाएगा। कचरा संग्रहण के लिए चार कवर टिप्पर, ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है। जिनके माध्यम से गीला व सूखा कचरा एकत्रित किया जाएगा। यह पहल न केवल शहर की स्वच्छता को नई दिशा देगी, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को भी सुदृढ़ करेगी। जिससे एक स्वच्छ, सुंदर व स्वस्थ शहर का सपना साकार हो सकेगा।

## खबर संक्षेप



नारनौल। जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### कॉलेज में शपथ ग्रहण व जागरूकता रैली निकाली

नारनौल। एनएसएस शासकीय महाविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण व जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हवासिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ. अमित कुमार, डॉ. विशाल कुमार, सोनम गर्ग आदि मौजूद थे।



नारनौल। बच्चों को किट वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### डेंटल किट वितरित कर दिया स्वच्छता का संदेश

नारनौल। रोटरी क्लब बेलाज व रोटरी क्लब सिटी की ओर से शेखपुरा राजकीय प्राइमरी व माध्यमिक स्कूल में डेंटल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को दांतों की सही देखभाल, ब्रश करने का सही तरीका और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

## सरकार के तमाम प्रयास किसानों को नहीं कर पाए आकर्षित

# खुले बाजार में बिकी सरसों सरकारी केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

**इस बार एमएसपी बढ़ी, फिर भी अधिक दामी मिलने के चलते किसानों का झुकाव रहा निजी व्यापारियों की ओर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

इस बार सरसों की सरकारी खरीद को लेकर सरकार के तमाम प्रयास भी किसानों को आकर्षित नहीं कर पाए। प्रदेश सरकार द्वारा सरसों की खरीद अवधि बढ़ाने के बावजूद सरकारी खरीद केंद्रों पर किसानों की भीड़ नजर नहीं आ रही। इसका सबसे बड़ा कारण मंडियों में निजी व्यापारियों द्वारा दिए जा रहे अधिक दाम हैं। किसान खुले बाजार में बेहतर भाव मिलने के कारण सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों बेचने से दूरी बनाए हुए हैं।

प्रदेश सरकार ने रबी मार्केटिंग सीजन 2026-27 के तहत सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6250 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है, लेकिन मंडियों में निजी व्यापारी सरसों की गुणवत्ता और तेल की मात्रा के अनुसार 6230 रुपये से लेकर 7050 रुपये प्रति क्विंटल तक भुगतान कर रहे हैं। ऐसे में किसान स्वाभाविक रूप से सरकारी खरीद केंद्रों की बजाय प्राइवेट व्यापारियों के पास अपनी फसल बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं। व्यापारियों के यहां सरसों बेचने पर न तो कोई कागजी कार्यवाही करनी और दाम भी मिलने में देरी नहीं।

### तेल की मात्रा तय कर रही भाव

जानकारों के अनुसार इस बार सरसों की फसल में तेल की मात्रा अच्छी आई है। मंडियों में व्यापारी तेल प्रतिशत की जांच के बाद किसानों को ऊंचे दाम दे रहे हैं। जिन किसानों की सरसों में तेल की मात्रा 42 प्रतिशत से अधिक निकल रही है, उन्हें 6500 रुपये प्रति क्विंटल से भी अधिक दाम आसानी से मिल रहे हैं। कई स्थानों पर भाव 7 हजार रुपये प्रति क्विंटल को भी पार कर चुके हैं। यही वजह रही कि किसान सरकारी समर्थन मूल्य 6250 रुपये प्रति क्विंटल पर अपनी उपज बेचने को तैयार नहीं हुए। दूसरी ओर, जिन किसानों की सरसों में तेल प्रतिशत कम रहा, वे ही सरकारी खरीद एजेंसियों तक पहुंचे। इससे सरकारी खरीद का आंकड़ा बेहद सीमित रह गया।



नारनौल। मंडी में टीनशेड के नीचे बोरियों में रखी सरसों। फोटो: हरिभूमि

### किसानों को जहां ज्यादा भाव, वहीं बिक रही उपज

मंडी विशेषज्ञों का कहना है कि किसान अब केवल समर्थन मूल्य नहीं, बल्कि वास्तविक बाजार प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखकर फसल बेच रहे हैं। निजी व्यापारी तुरंत भुगतान, गुणवत्ता आधारित रेट और अधिक लाभ दे रहे हैं। ऐसे में सरकारी खरीद केंद्र किसानों के लिए कम आकर्षक साबित हो रहे हैं।

**सरसों के रेट**

| तिथि | वजन/क्विंटल | रेट/रुपये में |
|---|---|---|
| 11 मई | 1112 | 6210–6800 |
| 12 मई | 1019 | 6085–6800 |
| 13 मई | 858 | 6250–6921 |
| 14 मई | 1123 | 6230–6865 |
| 15 मई | 663 | 6600–7000 |
| 16 मई | 581 | 6230–7050 |
| 17 मई | छुट्टी | |
| 18 मई | 502 | 6250–7270 |

### यह बोले अधिकारी

*हैफेड के मैनेजर योगेश शेखावत ने बताया कि मंडियों में निजी व्यापारियों द्वारा अधिक दाम दिए जाने के कारण किसानों का रुझान आढ़तियों और व्यापारियों की ओर रहा। किसानों को ज्यादा से ज्यादा भाव मिलने के कारण सरकारी समर्थन मूल्य पर अपेक्षाकृत बहुत कम सरसों बिक पाई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार सरकारी खरीद का आंकड़ा न्यूनतम स्तर पर रहा है।*

### समय से पहले शुरू हुई खरीद फिर भी नहीं जुटे किसान

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने इस बार परंपरागत एक अप्रैल से खरीद शुरू करने की बजाय 28 मार्च से ही सरसों की सरकारी खरीद प्रारंभ कर दी थी, ताकि किसानों को समय पर सुविधा मिल सके। इसके बावजूद शुरुआत से ही बाजार भाव सरकारी समर्थन मूल्य से अधिक बने रहे और किसान निजी व्यापारियों की ओर झुके रहे। गत 16 अप्रैल से एक मई के बीच सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड ने नेफेड के लिए सरसों की खरीद की, लेकिन इस दौरान बेहद कम किसान सरकारी केंद्रों तक पहुंचे। आंकड़ों के अनुसार करीब 15 दिनों में हैफेड द्वारा नैफेड के लिए महज 2388 क्विंटल सरसों की खरीद की जा सकी। खरीदी गई सरसों में अधिकांश फसल 42 प्रतिशत से कम तेल वाली बताई जा रही है। किसानों को इसका भुगतान 6250 रुपये प्रति क्विंटल की दर से ऑनलाइन किया जाएगा।

### खरीद अवधि खत्म होने के बाद फिर बढ़ाई गई तारीख

सरकार द्वारा निर्धारित खरीद अवधि 30 अप्रैल को समाप्त हो गई थी। हालांकि खरीद केंद्रों पर अपेक्षित मात्रा में सरसों नहीं पहुंचने के कारण सरकार ने एकबार फिर खरीद अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया। अब सरसों की सरकारी खरीद 31 मई तक जारी रहेगी। गत 13 मई को एडिशनल डायरेक्टर एग्रीकल्चर पंचकूला की ओर से इस संबंध में पत्र जारी किया गया था। इसके तहत रबी मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए सरसों खरीद अवधि को एक माह का अतिरिक्त विस्तार दिया गया है। बावजूद इसके मंडियों में सरकारी खरीद को लेकर अभी भी उत्साह दिखाई नहीं दे रहा।



नारनौल। कार्य ग्रहण के दौरान रितु कुमारी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# सेका की रितु कुमारी बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

नारनौल। गांव सेका निवासी रितु कुमारी ने हरियाणा लोक सेवा आयोग कीर ओर से आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनका चयन भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय महिला महेंद्रगढ़ में सहायक प्रोफेसर भूगोल के पद पर कार्य ग्रहण किया है।

कार्य ग्रहण करवाते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह ने उनको बधाई दी तथा जीवन में और अधिक उन्नति करने की कामना की। रितु कुमारी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा व स्नातक स्तर की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से भूगोल ऑनर्स में पूरी की है। उच्चतर शिक्षा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली से पूर्ण की और वर्तमान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय दादा कैप्टन अमर सिंह व दादी मनभावती, ताऊ थानेदार रणधीर सिंह, ताई आशा कुमारी को दिया। पिता प्रदीप यादव राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटीकरा में मुख्य अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं व माता इंदु कुमारी ग्रहणी है। कार्य ग्रहण के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के एनसीसी प्रभारी व जिला युवा मामलों के नोडल अधिकारी मेजर वीरेंद्र सेकवाल, राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ से एनसीसी प्रभारी डॉ. शमशेर सिंह, राजकीय महाविद्यालय महिला से डॉ. मक्खन सिंह, अधीक्षक ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

# सिहमा में 21 मई से 11 धूणों की होगी अग्नि तपस्या

मंडी अटेली। खंड सिहमा में 21 मई से भव्य धार्मिक आयोजन 11 धूणों की अग्नि तपस्या शुरू होने जा रही है। इस तपस्या का आयोजन संजय भगत द्वारा किया जा रहा है, जिसमें अग्नि की पवित्र ज्वाला में आहुति देकर समाज की सुख-समृद्धि, विश्व कल्याण और मानवता के उत्थान की कामना की जाएगी। आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है और दूर-दराज से भक्तों के पहुंचने की संभावना है। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का क्रम लगातार जारी रहेगा। आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बनेगा और लोगों में धार्मिक आस्था और एकता का संदेश जाएगा।

# विला शिक्षा निकेतन में हुआ मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

मेघोत हाला में संचालित विला शिक्षा निकेतन में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह प्राचार्य करतार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें संस्था के चेयरमैन विजयपाल यादव ने 10वीं कक्षा में टॉपर रही छात्रा निक्की कुमारी पुत्री हवासिंह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद धौलेड़ा, मेघोत बींजा, नांगल दुर्गू, नांगल चौधरी, सैदअलीपुर समेत 10 गांवों में अभिनंदन रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रतिभा में निखार लाने के लिए प्रेरित किया।

- **टॉपर छात्रा निक्की को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित**

चेयरमैन विजयपाल यादव ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को समय समय पर सम्मानित करने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। परीक्षा केवल अंकों का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और तैयारी का मूल्यांकन करने का अवसर होती है। कार्यक्रम में सम्मानित छात्रा निक्की कुमारी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों व नियमित पढ़ाई को दिया। चेयरमैन ने कहा कि निक्की ने 500 में से 494 अंक लेकर साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प व कठोर परिश्रम करके कोई भी सफलता हासिल करना संभव है।



नांगल चौधरी। स्कूल में जश्न मनाते हुए परीक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### यदुवंशी में हुई गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

महेंद्रगढ़। यदुवंशी में साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को चार टीमों में विभाजित किया गया। सभी टीमों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न राउंड आयोजित किए गए, जिनमें गणित से जुड़े ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक राउंड में विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धिमत्ता, तर्क क्षमता और गणना कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह और प्रतिस्पर्धा से भर गया। प्रतियोगिता में टीम डी जिसमें याषिका, रूद्र, विनेष व प्रिंस प्रथम स्थान पर, टीम ए जिसमें आंजनेय, मोहिन, मानवी व रोहित द्वितीय स्थान पर व टीम बी जिसमें अनन्या, पूर्वी, समीर व हर्शित तृतीय स्थान पर रहे। विजेता टीम को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। चेयरमैन ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के मानसिक विकास, आत्मविश्वास और तार्किक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल का 12वीं बोर्ड परीक्षा का नतीजा रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

हाल ही में सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के रिजल्ट में आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं की विद्यार्थी भाविका सिंह व अंकिता ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान व सान्वी ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान हासिल कर अपने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया।

विषयवार-इकोनॉमिक्स में 99, हिंदी में 99, इंग्लिश में 97, हिस्ट्री में 98, अकाउंटेंसी में 99, बिजनेस स्टडी में 98, फिजिकल एजुकेशन में 95 बायोलॉजी में 95, केमिस्ट्री में 94, फिजिक्स में 91, पॉलिटिकल साइंस में 100 व म्यूजिक में 100 अंक की प्राप्ति के साथ सर्वोत्तम स्कोर रहा।

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि हमारे छात्रों की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और समर्पण ने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है। सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव व प्रधानाचार्य ज्योति भट्ट ने भी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।



कनीना। टॉपर विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# हैप्पी स्कूल में फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता हुई

महेंद्रगढ़। हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्री-प्राइमरी विंग में नन्हे विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक टिफिन रखी गई, जिसका उद्देश्य बच्चों में पौष्टिक भोजन के प्रति रुचि विकसित करना तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम विंग प्रभारी रेखा राघव के कुशल निर्देशन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुति, आत्मविश्वास और स्वच्छता के प्रति जागरूकता ने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। विद्यालय के संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल तथा मैनेजर चंचल अग्रवाल ने प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल के साथ मिलकर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद लिया और बच्चों की भरपूर सराहना की।

**विद्या भारती भवन दिल्ली से 100 योग जिज्ञासुओं और साधकों का दल महेंद्रगढ़ पहुंचा**

# स्वामी ब्रह्मानंद प्राकृतिक चिकित्सालय में हुआ नेचुरो-कॉन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

स्वास्थ्य और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए भारत नेचुरल हॉलिस्टिक हेल्थ फाउंडेशन दिल्ली और स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं नेचुरोपैथी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ऐतिहासिक रिट्रीट कम वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रकृति की ओर लौटने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और प्राकृतिक जीवन शैली को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संस्कृति के अनुसार अतिथियों को चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इसके उपरांत पर्यावरण की शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें सभी संतों, चिकित्सकों और साधकों ने आहुति दी। कार्यशाला में विशेष रूप से विद्या भारती भवन दिल्ली से लगभग 100 योग जिज्ञासुओं और साधकों का दल महेंद्रगढ़ पहुंचा।

इस दौरान सभी साधकों ने लिया पंचमहाभूत चिकित्सा का व्यावहारिक लाभ हरियाणा के प्रसिद्ध प्राकृतिक चिकित्सक एवं आईएनओ के राज्य संयोजक डॉ. भंवर सिंह कसाना ने आए हुए सभी आगंतुकों को मिट्टी पट्टी, कटी स्नान, भाप स्नान (स्टीम बाथ), फेस पैक, संपूर्ण मिट्टी लेप, रीढ़ स्नान और एनिमा जैसी विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा विधियों से न केवल परिचित करवाया, बल्कि सभी को इसका व्यावहारिक लाभ भी दिलाया। डॉ. भंवर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से योग और प्राकृतिक चिकित्सा का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार होता है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक कंवर सिंह ने दीप प्रज्वलन कर संस्थान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह स्वयं डॉ. भंवर सिंह के सानिध्य में रहकर प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाता रहता हैं।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित लोग। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में देश के कई जाने-माने स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की, जिनमें मुख्य रूप से डॉ. भारत भूषण शर्मा, डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. अनिल चौधरी, डॉ सुगन सिंह भाटी झुंझुनूं राजस्थान, डॉ. बंसीलाल भूरिया आदि रहे। मौके पर कैप्टन सज्जन झुक, सुमेर सिंह मेघनवास, वेदप्रकाश सुरजनवास, राजेश सैनी, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. मनीष सिहमा, डॉ. सत्यदेव, पतंजलि प्रभारी डॉ. नितिन योगाचार्य, डॉ. अश्वनी, ज्योति, राहुल तिगरा, संदीप योगी, जयपाल पालड़ी, केसर देवी और डॉ. कृष्णा उपस्थित रही।

**सूचना**

मैं, रविन्द्र कुमार (Ravinder Kumar) पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी नांगल सिरोही तहसील व जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पुत्र मंयक (Mayank) के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम रविन्द्र कुमार (Ravinder Kumar) की जगह गलती से रविन्द्र (Ravinder) और उसकी माता का नाम पूनम देवी (Poonam Devi) की जगह पूनम (Poonam) हो गया है। अब मैं इसे ठीक करवाना चाहता हूं। मेरे पुत्र मंयक (Mayank) के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम रविन्द्र कुमार (Ravinder Kumar) और उसकी माता का नाम पूनम देवी (Poonam Devi) किया जाए।

## खबर संक्षेप



### सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्रों का किया निरीक्षण

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने नागरिक अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र, माधव नशा मुक्ति केंद्र व स्थानीय पुलिस लाइन सेफ हाउस का दौरा कर वहां मिल रही सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। सीजेएम नीलम कुमारी ने नागरिक अस्पताल व माधव नशा मुक्ति केंद्र के निरीक्षण के दौरान वहां उपचाराधीन मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने केंद्र के प्रभारियों को निर्देश दिए कि नशा छोड़ रहे युवाओं की काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे दोबारा इस दलदल में न फंसें। पुनर्वास और उनकी देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### समाधान शिविर में पहुंचे 125 नागरिक

**नारनौल।** आमजन की समस्याओं का त्वरित व स्थाई समाधान सुनिश्चित करने के लिए सरकार और प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविरों सहित तमाम प्लेटफार्म पर आने वाली हर शिकायत को अधिकारी एक निश्चित समयावधि के भीतर निपटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार का मुख्य लक्ष्य यही है कि जनता की प्रत्येक जायज शिकायत पर समय रहते उचित और प्रभावी कार्रवाई हो, ताकि किसी भी नागरिक को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

समाधान शिविर में क्षेत्र के 125 नागरिकों ने उपस्थित होकर प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें दर्ज कराई।

## महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान 26.4 और नारनौल का 25.5 डिग्री दर्ज

# भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी, नारनौल में दिन का तापमाप पहुंचा 44 डिग्री सेल्सियस पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले सहित पूरे हरियाणा, एनसीआर दिल्ली क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पश्चिमी गर्म और शुष्क मरुस्थलीय हवाओं के कारण वातावरण से नमी पूरी तरह समाप्त होती जा रही है‍ जिससे दिन के साथ साथ रात के तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। नारनौल में दिन का तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस तथा महेंद्रगढ़ में 43.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं रात का तापमान क्रमशः 25.5 व 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान समय में हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 42 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान सिरसा प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा रोहतक में 45.2 डिग्री सेल्सियस तथा हिसार, भिवानी और नारनौल में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। कई स्थानों पर हीट वेव यानी लू जैसी परिस्थितियां बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल किसी सक्रिय मौसम प्रणाली का प्रभाव हरियाणा या एनसीआर क्षेत्र पर दिखाई नहीं दे रहा है। तेज धूप और लगातार चल रही पश्चिमी हवाओं के कारण आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क बना रहेगा तथा विशेष रूप से हरियाणा के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में लू का प्रभाव जारी रहेगा। मौसम विभाग ने यह भी संभावना जताई है कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी सतही हवाएं चल सकती हैं। इससे लोगों को गर्मी के साथ धूलभरी हवाओं का भी सामना करना पड़ेगा। भारतीय मौसम विभाग ने हरियाणा, एनसीआर और दिल्ली क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने से बचने, अधिक से अधिक पानी पीने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। लगातार बढ़ती गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है और आने वाले दिनों में राहत मिलने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही।

### बच्चों व बुजुर्गों का रखे विशेष ध्यान

खासतौर से दोपहर 12 बजे से शाम तीन बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। एसडीएम ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें। ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हो, तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

### तेज गर्मी में अनावश्यक घर से बाहर निकलने से बचें

**महेंद्रगढ।** एसडीएम योगेश सैनी ने कहा है कि गर्मी के मौसम में लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। एसडीएम ने आमजन से आह्वान किया है कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें। कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं-भले ही प्यास न लगी हो। ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं।

## महेंद्रगढ़ शहर को दशकों बाद भी आधुनिक सिग्नल प्रणाली का इंतजार

# बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था के बीच हादसों को न्योता दे रहे चौराहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

किसी भी शहर की विकास यात्रा में वहां की यातायात व्यवस्था एक महत्वपूर्ण पैमाना होती है, लेकिन शिक्षा के हब के रूप में विख्यात महेंद्रगढ़ शहर में यातायात प्रबंधन आज भी दशकों पुरानी व्यवस्था के भरोसे हैं। शहर के मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक लाइटों का अभाव और लगी हुई लाइटों की बदहाली न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है, बल्कि आम जनमानस के लिए जानलेवा साबित हो रही है।

बता दें कि दशकों पहले नगर पालिका प्रशासन ने शहर के प्रमुख राव तुलाराम चौक पर ट्रैफिक लाइटें लगवाई थीं, ताकि यातायात को सुचारू रूप से चलाया जा सके, लेकिन देखरेख के अभाव और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण आज ये लाइटें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। कई खंभे तो जंग खाकर गिर चुके हैं और जो कुछ खड़े हैं, वे केवल बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। इन 'मूक' खंभों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन ने एक बार पैसा लगाने के बाद दोबारा उनकी सुध लेना मुनासिब ही नहीं समझा।



**महेंद्रगढ़।** शहर का सबसे व्यस्तमराव तुलाराम चौक। फोटो : हरिभूमि

### हादसों से नहीं लिया सबक, बस टकराई, पर नहीं खुली प्रशासन की नींद

बीते कुछ महीनों पहले शहर के राव तुलाराम चौक पर एक रोडवेज बस और स्कूल बस के बीच हुई भीषण टक्कर ने शहर को झकझोर दिया था। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस हादसे ने यह साफ कर दिया कि बिना सिग्नल प्रणाली के ये चौक किसी 'डेथ ट्रैप' से कम नहीं हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आए दिन इन मोड़ों पर दोपहिया वाहन चालक गिरते रहते हैं और भारी वाहनों के बीच जाम की स्थिति बनी रहती है। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

### बढ़ता बोझ और असुरक्षित चौराहे

महेंद्रगढ़ आज केवल एक कस्बा नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा और आसपास के राज्यों के लिए 'शिक्षा की राजधानी' बनकर उभरा है। बीते दो दशकों में यहां हजारों की संख्या में विद्यार्थी दादरी, रेवाड़ी, लोहारू-सतनाली और नारनौल व आसपास के क्षेत्रों से प्रतिदिन आते हैं। इसके अलावा, हजारों छात्र यहां हॉस्टल और पीजी में रहकर अपना भविष्य संवार रहे हैं। वाहनों के इस भारी दबाव के कारण शहर के महाराजा शूर सैनी चौक (कैंची मोड़), महाराणा प्रताप चौक (सतनाली मोड़), राव तुलाराम चौक, माजरा चुंगी प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक लाइटों की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। इन चौराहों पर सुबह और शाम के समय ट्रैफिक का दबाव इतना अधिक होता है कि पैदल चलना भी दूभर हो जाता है।

### समाधान की जरूरत

महेंद्रगढ़ को केवल ट्रैफिक लाइटें की ही नहीं, बल्कि स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम की जरूरत है। आज के समय में केवल लाल-हरी बत्ती लगाना काफी नहीं है। सेंसर आधारित लाइटें जो ट्रैफिक के दबाव के अनुसार जो समय को एडजस्ट कर सकें। सीसीटीवी सर्विलांस की सुविधा जो सिग्नल तोड़ने वालों पर ऑनलाइन चालान करने में सक्षम हो। टाइमर डिस्प्ले हो, जिससे कि चालकों को पता रहे कि उन्हें कितनी देर रुकना है, जिससे ईंधन की बचत और मानसिक तनाव भी कम हो। लोगों की भी काफी समय से यी मांग चली आ रही है कि नगर पालिका को इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारना चाहिए।

### यह कहते हैं अधिकारी

इस ज्वलंत मुद्दे पर जब नगरपालिका के एमई राजेश कौशिक से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका इस समस्या को लेकर पूरी तरह गंभीर है। जर्जर हो चुकी लाइटों और नए चौराहों पर लाइट लगाने की मांग हमारे संज्ञान में आई है। शीघ्र ही इन सभी प्रमुख चौकों के लिए नई ट्रैफिक लाइटों का प्रस्ताव और बजट तैयार किया जाएगा, ताकि शहरवासियों को जाम और हादसों से निजात मिल सके।

## यूनियन के प्रधान ईश्वर सिंह ने साथियों संग बनाई रणनीति

# लंबित मांगों के समर्थन में सफाई कर्मचारी 31 मई को करेंगे प्रदर्शन



**मंडी अटेली।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर 31 मई को स्वास्थ्य मंत्री के आवास कार्यालय अटेली पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। यूनियन के प्रधान ईश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी सफाई कर्मचारी 31 मई को सुबह 10 बजे अनाज मंडी में एकत्रित होंगे जहां से संगठित रूप से ज्ञापन देने के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये निर्धारित करना शामिल है। इसके अलावा कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह निर्धारित तारीख पर सीधे बैंक खातों में डाला जाए, ताकि उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। यूनियन ने यह भी मांग उठाई है कि सरपंचों द्वारा मनमाने ढंग से सफाई कर्मचारियों को हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए और कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जाए। ईश्वर सिंह ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को आवश्यक उपकरणों के लिए हर वर्ष 10 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सफाई कार्य के दौरान उपयोग में आने वाले तेल, साबुन आदि के लिए भी अलग से भत्ता लागू किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

लंबे समय से ये मांगें लंबित हैं, लेकिन अब तक इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में यूनियन ने निर्णय लिया है कि सामूहिक रूप से अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाई जाएगी। इस मौके पर कृष्ण कुमार, अश्वनी कुमार, सविता देवी, सुनीता देवी, विक्रम सिंह, शारदा देवी, सुनील कुमार, कृष्णा देवी, अनिल कुमार, ललिता देवी, ममता देवी, रिंकू देवी, विनोद कुमार, जोगिंदर सिंह, लक्ष्मण, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार सहित अनेक सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

*बास गांव की फिरनी पर लगाया नाका*

# पुलिस ने किए 44 किलो चूरापोस्त के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार, कैंटर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। सीआईए टीम ने थाना सतनाली क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ (चूरापोस्त/भुक्की) बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने एक कैंटर से 44 किलो 840 ग्राम भुक्की बरामद कर दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम गश्त के दौरान सतनाली के गौशाला मोड़ पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि मनोज और रविन्द्र नाम के दो व्यक्ति कैंटर गाड़ी में सूरजगढ़ की तरफ से भारी मात्रा में अवैध नशीला पदार्थ (भुक्की) लेकर सतनाली की ओर आने वाले हैं। यदि तुरंत नाकाबंदी की जाए, तो उन्हें मादक पदार्थ सहित पकड़ा जा सकता है। इस पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए बास गांव की फिरनी पर नाका लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ ही समय बाद सूरजगढ़ की तरफ से संदिग्ध कैंटर आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम ने रोककर चालक और उसके साथी को काबू कर लिया। जिनसे पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान मनोज और रविन्द्र (दोनों निवासी नौगांव, जिला झज्जर) के रूप में बताई। एनडीपीएस एक्ट के तहत टीम ने राजपत्रित अधिकारी को मौके पर बुलाया।

राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में जब नियमानुसार कैंटर गाड़ी की तलाशी ली गई, तो उसमें से दो प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए। जांच करने पर उनमें चूरापोस्त (भुक्की) होने की पुष्टि हुई। मौके पर ही वजन करने पर एक कट्टे में 22 किलो 440 ग्राम और दूसरे में 22 किलो 400 ग्राम, कुल 44 किलो 840 ग्राम चूरापोस्त बरामद की गई। पुलिस टीम ने दोनों कट्टों को सील कर अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की आगे की गहन जांच और पूछताछ की जा रही है, ताकि इस नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पर्दाफाश किया जा सके। महेंद्रगढ़ पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नशे का काला कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और नशा मुक्त समाज के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



**महेंद्रगढ़।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

# नसीबपुर जानलेवा हमले का वांटेड आरोपित वासु साथी सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नारनौल। सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें टीम ने एक जानलेवा हमले के मामले में वांटेड मुख्य आरोपितों में से एक वासु निवासी खायरा को गिरफ्तार किया है, जो काफी समय से फरार चल रहा था। साथ ही उसके एक अन्य साथी विपिन निवासी सराय बहादुर को भी गिरफ्तार किया है। आरोपितों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपित विपिन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और आरोपित वासु को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई 17 व 18 मई की देर रात गश्त के दौरान महेंद्रगढ़ की आदर्श कॉलोनी में की। जहां एक संदिग्ध गाड़ी को रुकवाकर पूछताछ की गई। जांच में पाया गया कि आरोपित गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे थे, जिसे पुलिस ने तुरंत जब्त कर लिया। जिसकी जांच करने पर पाया कि गाड़ी आरोपित विपिन की है। यह गिरफ्तारी 17 दिसंबर को थाना शहर के अंतर्गत नसीबपुर में हुए जानलेवा हमले के मामले से जुड़ी है। इस घटना को लेकर नरेंद्र निवासी डोहर कलां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भाई विक्रांत पर आरोपितों ने बाबा जेठू वाला मंदिर के पास लोहे की रॉड, डंडों और अवैध हथियारों से सुनियोजित तरीके से जानलेवा हमला किया था।

**गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगा साथी के साथ घूम रहा वांटेड अपराधी काबू**



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

# जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वालों को बीडीपीओ ने दिए सख्त निर्देश


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

जनगणना कार्यों को लेकर बरती जा रही लापरवाही को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। कनीना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश जांघू ने खंड के सभी सरपंचों व ग्राम सचिवों को आधिकारिक पत्र जारी कर गांव स्तर पर जनगणना कार्यों में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन के संज्ञान में आया है कि जनगणना के महत्वपूर्ण कार्य के दौरान कई गांवों में ग्रामीण, गणना करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ उचित सहयोग नहीं कर रहे हैं। कहीं कहीं पर प्रगणक भी लापरवाही बरत रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें बाधा आने से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और डेटा संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस समस्या को देखते हुए जिला नगरधीश सह नोडल अधिकारी के आदेशानुसार यह पत्र जारी किया गया है। बीडीपीओ ने कनीना विकास खंड के सभी सरपंचों को निर्देशित किया है कि वे अपने अपने गांवों में चैकीदार के माध्यम से मुनादी करवाएं।

इस मुनादी का उद्देश्य ग्रामीणों को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें गणना कर्मियों का सहयोग करने के लिए प्रेरित करना है। जारी किए गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि केवल ग्रामीण ही नहीं, बल्कि गांवों में तैनात अधीनस्थ जल कर्मियों को भी पाबंद किया जाए कि वे जनगणना टीम के साथ तालमेल स्थापित कर इस कार्य को करवाएं। बीडीपीओ ने कहा कि इस कार्य को अति आवश्यक श्रेणी में रखा गया है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में बाधा डालने या जानकारी छुपाने वाले तत्वों एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्रगणकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जा सकता है।

**कार्य में सहयोग न करने वालों व प्रगणकों पर प्रशासन रख रहा नजर**



Block Development & Panchayat, Officer, Kanina.
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, कनीना।

**कनीना।** बीडीपीओ राजेश जांघू की ओर से पंचायतों को जारी पत्र की प्रति।

### सेफ्टी अवार्ड्स 2026 के लिए आवेदन शुरू

**नारनौल।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत कार्यरत नेशनल सेफ्टी काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से एनएससीआई सेफ्टी अवार्ड्स 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इन पुरस्कारों को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को लगातार बढ़ावा देना, औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा उत्कृष्ट ऑक्यूपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ प्रथाओं को अपनाने वाली इकाइयों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## अभिभावकों से भी किया आह्वान, शिक्षा व खेलकूद में भविष्य संवारें युवा

# नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने का करेंगे प्रयास: एसपी

- साधन सम्पन्न परिवार तो जरूर घर व प्रतिष्ठान के बाहर लगाए सीसीटीवी कैमरा, पुलिस का करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महेंद्रगढ़ जिला में नशा कारोबार आज से करीब 10 साल पहले ना के बराबर था। अब नशा में ऐसी वस्तुओं के नाम आने लगे है तो कभी फिल्मों में ही सुने जाते थे। जिला में बढ़ रहा नशा कारोबार के पीछे युवाओं को कुछ समय के लिए कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने का धंधा मान जा रहा है। हालांकि जब हम इसके अंतिम परिणाम में आते है तो घर, परिवार व खुद युवा का भविष्य अंधकार में ही मिलता है। बावजूद जिला इन दिनों नशे के घिर गया है। इसमें युवा पीढ़ी अधिक है। इसी चिंता हो जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक ने नशे के कारोबार को जड़ से मिटाने में प्लानिंग तैयार कर रहे है। अभी उन्हें जिला में एसपी का पदभार ग्रहण किए हुए अभी करीब 45 दिन ही हुए है, उन्होंने नशे धंधे से जुड़े 28 लोगों को गिरफ्तार किया है और 15 केस दर्ज किए है। उनका प्रयास है कि नशे पर फोकस रख युवाओं को भटकने से बचाया जा सके।

एसपी दीपक ने सोमवार दोपहर अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि नशे से दूर रहने के लिए अभियान चलाया जाएगा। पुलिस मित्र के रूप में युवाओं से मिलेंगी और उन्हें नशे से दूर रहने के प्रति प्रेरित करेगी। अभिभावकों से भी आह्वान करेगी कि अपने बच्चों को नशे से दूर रखें। नशे से जुड़ी गतिविधि हो तो पुलिस को बताएं। उनका नाम गुप्त रखा जाएगा।

### चोरी की नियत से घुसने की आशंका

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के आवास पर रात के समय घुसे संदिग्धों के बारे में पूछने पर एसपी दीपक ने बताया कि अभी तक की जांच रिपोर्ट में यह सामने आया है संदिग्ध लोग चोरी की नियत से आए थे। आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों में उनका पहचान हुई है। कुछ दिनों से महेंद्रगढ़ की एक कॉलोनी की जो सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रही है, उसमें कुछ पहलवान टाइप के युवा जिनकी संख्या छह से सात है, वहीं गैंग हो सकती है। यह बाहर के लोग है। हमारी पुलिस अलग अलग जगह छापेमारी कर रही है। हम इन आरोपितों के नजदीक पहुंच गए है। जल्द ही गिरफ्त में यह आरोपित होंगे। उन्होंने साधन सम्पन्न लोगों से आह्वान किया है कि वे सीसीटीवी कैमरा घर व प्रतिष्ठानों के बाहर जरूर लगाए ताकि वारदात को सुलझाने में आसानी हो।

### ट्रेफिक लाइट में टाइमिंग हो सकती है सैट

जिला में महावीर चौक ऐसी जगह है, जहां सर्वाधिक ट्रेफिक रहता है। यहां जब से ट्रेफिक लाइट लगाई गई है जाम की ज्यादा स्थिति बनी रहती है। इसी पर एसपी ने पत्रकारों से चर्चा की। हरिभूमि ने एसपी से कहा कि रेवाड़ी रूट यानी बस स्टैंड से महावीर चौक की तरफ आने वाले रूट पर ग्रीन लाइट का समय बढ़ाया जाए। इसके पीछे तर्क दिया कि रेवाड़ी रोड पर दो बड़े स्कूल है। बस स्टैंड भी है। रेवाड़ी से आने वाले वाहनों की संख्या भी ज्यादा होती है। इसी वजह से इस रूट पर ट्रेफिक अधिक होता है। ग्रीन लाइट का समय इस रूट पर बढ़ाया जाए ताकि जाम की स्थिति ना हो।



एसपी दीपक।